दिनांक-22.11.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गयाना की संसद को किया संबोधित, कहा-लोकतंत्र समावेशी समाज बनाने का सबसे बढ़ा साधन।
- उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के पहले प्रारंभ होंगे मेडिसिटी और चिकित्सा महाविद्यालय।
- प्रदेश में समर्थन मूल्य पर ज्वार, बाजरा की खरीदी आज से।
- भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्राफी का पहला क्रिकेट टेस्ट मैच आज से।

प्रधानमंत्री गयाना संसद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि समावेशी समाज बनाने का सबसे बड़ा साधन लोकतंत्र ही है। गयाना की संसद की राष्ट्रीय असेंबली के विशेष सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया लोकतंत्र प्रथम, मानवता प्रथम के सिद्धांत पर अमल करके ही आगे बढ़ सकती है। श्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र हमारे दृष्टिकोण और हमारे आचरण में है। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि किस प्रकार वैश्विक संकट के दौरान भारत ने सहयोग का हाथ बढ़ाया था। उन्होंने कहा कि भारत की मनोदशा कभी भी विस्तारवादी नहीं रही है और भारत वैश्विक विकास और शांति के पक्ष में है। इसी कारण भारत आज ग्लोबल साउथ के देशों की आवाज बन सका है। उन्होंने कहा कि यह समय संघर्ष का नहीं, बल्कि संघर्ष की ओर ले जाने वाली स्थितियों की पहचान कर उन्हें खत्म करने का है।

प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद, ड्रग तस्करी और साइबर अपराध सहित कई वैश्विक चुनौतियों की चर्चा की। उन्होंने कहा कि भावी पीढियों के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए इन चुनौतियों से निपटना होगा। श्री मोदी ने उन्हें गयाना का सर्वोच्च सम्मान दिए जाने के प्रति आभार भी प्रकट किया।

मेडिसिटी-उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उज्जैन को मेडिसिटी एवं चिकित्सा महाविद्यालय की सौगात दी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कल उज्जैन में 592.30 करोड़ रूपये लागत से निर्मित होने वाली मेडिसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय का भूमि-पूजन कर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह मेडिसिटी एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सिंहस्थ-2028 के पहले प्रारंभ हो जाएगा। इसमें प्रदेश ही नहीं बल्कि विदेशों से आने वाले सभी मरीजों का उपचार किया जायेगा। साथ ही उज्जैन में निजी क्षेत्र के साथ मिलकर मेडिकल टूरिज्म की स्थापना भी की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में उज्जैन की मेडिसिटी दुनियाभर में जानी जायेगी। उज्जैन में हाईटेक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ मेडिकल डिवाईस पार्क भी विकसित होगा। एक ही परिसर में सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हाईराईज बिल्डिंग बनाई जाएगी। परिसर में ही चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टॉफ आदि के लिए आवासीय व्यवस्था रहेगी।

प्रसार भारती - ओटीटी

प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा है कि नया ओटीटी प्लेटफार्म शुरू करने का कारण केवल स्वस्थ प्रसारण सामग्री उपलब्ध कराना नही बल्कि समाज के सभी वर्गो के लिए उपयोगी कार्यक्रम का प्रसारण करना है। कल गोवा में भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के उद्घाटन समारोह के दौरान लोक प्रसारक प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म वेब्स की शुरूआत के एक दिन बाद कल मीडिया को संबोधित करते हुए श्री सहगल ने कहा कि इस प्लेटफार्म से दूरदर्शन के सभी संग्रहीत लोकप्रिय कार्यक्रमों का प्रसारण होगा। उन्होंने कहा क्षेत्रीय विरासतों पर निर्मित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी इसमें शामिल किए गये हैं।

प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि ओटीटी प्लेटफार्म शुरू करने के पीछे अधिक से अधिक श्रोता-दर्शकों तक पहुंचने की प्रेरणा रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रसारक के रूप में प्रसार भारती के ओटीटी प्लेटफार्म का लक्ष्य देश की सभी भाषाओं और बोलियों में कार्यक्रम शामिल करना है। आरंभ में केवल दस भाषाओं में कार्यक्रमों का प्रसारण होगा।

मध्यप्रदेश मंडप

दिल्ली स्थित भारत मंडपम में चल रहे 43वें अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में मध्यप्रदेश मंडप आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मंडप में मेले की थीम 'विकसित भारत-2047' के अनुरूप प्राचीन सांस्कृतिक एवं कलात्मक धरोहर के साथ तेजी से विकसित होते मध्यप्रदेश के स्वरूप को प्रदर्शित किया गया है। मंडप में प्रदेश के विकास और समृद्धि के डिजिटल निरूपण के साथ ही प्रदेश के पर्यटन गंतव्य, जनजातीय एवं लोक-कला तथा स्थापत्य कला को मनमोहक तरीके से प्रदर्शित किया गया है। इसमें प्रवेश करते ही होलोग्राम आधारित विकास के 4 स्तंभ दर्शाए गए हैं। इसमें युवा शक्ति, नारी शक्ति, गरीब कल्याण और किसान कल्याण मिशन प्रदर्शित किए गए हैं। ये स्तंभ आगंतुकों, विशेषकर युवाओं और बच्चों को काफी आकर्षित कर रहे हैं।

मंडप के प्रवेश द्वार पर सांची स्तूप, ग्वालियर किला, खजुराहो की मूर्तिकला, चंदेरी द्वार और अमरकंटक कुंड दर्शाए गए हैं। वहीं मंडप के बाहरी हिस्से में प्रदेश की 4 प्रमुख जनजातियां - गोंड, भील, सहारिया और बैगा के रहन-सहन और वेशभूषा की विस्तृत जानकारी दी गई है।

समर्थन मूल्य खरीदी

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर ज्वार, बाजरा की खरीदी आज से शुरू की जा रही है। खरीदी 20 दिसम्बर तक की जायेगी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया है कि ज्वार मालदण्डी का 3421 रूपये, ज्वार हाईब्रिड का 3371 रूपये और बाजरा का समर्थन मूल्य 2625 रुपये निर्धारित है। उन्होंने बताया कि उपार्जन प्रत्येक सप्ताह के सोमवार से शुक्रवार तक होगा। श्री राजपूत ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय पर उपार्जन केन्द्रों पर पहुंचकर ज्वार और बाजरा की बिक्री करें। उल्लेखनीय है कि बाजरा के लिये 9 हजार 854 और ज्वार के लिये 5 हजार 933 किसानों ने पंजीयन कराया है। समर्थन मूल्य पर ज्वार एवं बाजरा की खरीदी के बाद भुगतान, कृषक पंजीयन के दौरान आधार नम्बर से लिंक बैंक खाते में किया जायेगा।

तानसेन समारोह

संगीत सम्राट तानसेन की स्मृति में 15 दिसंबर से 19 दिसंबर तक ग्वालियर में तानसेन समारोह आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 15 दिसंबर को ग्वालियर में इस समारोह का शुभारंभ करेंगे।

प्रमुख सचिव पर्यटन व संस्कृति विभाग श्री शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि शताब्दी वर्ष के मुख्य समारोह में देश के 150 ख्यातिलब्ध कलाकार अपनी सांगितिक प्रस्तुतियां देंगे। इसके अलावा विश्व संगीत कार्यक्रम अंतर्गत 10 विदेशी कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। साथ ही 550 से अधिक दुर्लभ वाद्ययंत्रों का प्रदर्शन एक प्रमुख आकर्षण होगा, यह प्रदर्शनी तानसेन समाधि परिसर में लगाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि तानसेन समारोह ग्वालियर के पास ही बसे बेहट गांव में आयोजित किया जाता है। बेहट गांव संगीत सम्राट तानसेन का जन्म स्थान है। सदियों से बह रही झिलमिल नदी के किनारे होने वाला यह समारोह नदी में बहते पानी की आवाज का मधुर रस एक अनूठी अध्यात्मिक अनुभूति का अहसास कराता है।

क्रिकेट- भारत-आस्ट्रेलिया

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का पहला क्रिकेट टेस्ट मैच आज से पर्थ में शुरु हो रहा है। यह मैच सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर शुरू होगा। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान पांच टेस्ट मैच खेलेगी।

कप्तान रोहित शर्मा व्यक्तिगत कारणों से पहले टेस्ट में नहीं खेलेंगे। उनकी जगह जसप्रीत बुमराह कप्तानी करेंगे। शुभमन गिल भी चोट के कारण इस मैच में नहीं खेल रहे हैं।

जनजातीय गौरव पखवाड़ा

भगवान बिरसा मुंडा की विरासत को याद करने के लिए देशभर के शैक्षिक संस्थानों में जनजातीय गौरव पखवाड़ा मनाया जा रहा है। देश भर में यह उत्सव भारत की समृद्ध जनजातीय विरासत और जनजातीय समुदायों के योगदान के सम्मान में मनाया जा रहा है।

सरकार ने जनजातीय समुदायों के विकास और उत्थान के लिए कई योजनाएँ शुरू की हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज कलेक्टर-कमिश्नर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करेंगे।
- केन्द्रीय खनन राज्य मंत्री सतीश चंन्द्र दुबे ने कल आकांक्षी जिले सिंगरौली में बैठक कर विभिन्न कार्यो और योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की।
- खण्डवा में कल रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन शासकीय आई.टी.आई. मूँदी रोड़ में प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक होगा।

- विश्व धरोहर सप्ताह के अवसर पर आज केन्द्रीय संग्रहालय इंदौर में प्रातः 11 बजे से एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया जा रहा है।
- मुरैना में जन सुरक्षा सुनिश्चित करने और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर अंकित अस्थाना ने शादियों और अन्य उत्सवों के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से हर्ष फायरिंग पर रोक लगा दी है।

...................................